बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार
बुद्ध मार्ग, पटना संग्रहालय के सामने
पटना.800001

दिनांक 27.08.2024

# आवश्यक सूचना

बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार परिसर में एक निःशुल्क विधिक सेवा केन्द्र **"न्याय समाधान केन्द्र"** की स्थापना की गई है, जिसका मुख्य उदेश्य है आम नागरिकों को विधिक सेवाऐं उपलब्ध कराना, उनके वादों की अद्यतन जानकारी देना, कानूनी मामलों पर सलाह देना, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं केन्द्र/राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देना । न्याय समाधान केन्द्र के द्वारा विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जेलों से संपर्क स्थापित कर जेल के बंदियों को पैनल अधिवक्ताओं द्वारा कानूनी सलाह दिया जाता है ।

बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा पैनल अधिवक्ताओं के कार्यो में सहायतार्थ हेतु **"न्याय समाधान केन्द्र"** के लिए **"अर्ध (पारा) विधिक स्वयं सेवकों"** का पैनल बनाया जाना है ।

अतः ऐसे व्यक्ति (महिला/पुरूष) जो स्वेच्छा से समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के उत्थान में रूचि रखते हैं तथा जो कम्प्यूटर कार्य में दक्ष एवं न्यूनतम 10वीं (मैट्रीक) परीक्षा उतीर्ण हो, और न्याय समाधान केन्द्र के लिए पैनल में सम्मिलित होना चाहते है, तो सदस्य सचिव, बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के नाम अपना स्वहस्तलिखित आवेदन के साथ संलग्न बायोडाटा को पूर्ण रूप से भरकर एवं अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न करते हुए बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, कार्यालय में **दिनांक 12 सितम्बर, 2024** तक अपना आवेदन जमा कर सकते है ।

अर्ध (पारा) विधिक स्वयं सेवक का कार्यकाल 1 वर्ष के लिए मान्य होगा । उनको प्रति कार्य दिवस 500/-रू0 (पाँच सौ रूपये मात्र) की दर से मानदेय देय होगा । यह कोई सरकारी नौकरी नहीं है ।

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **12 सितम्बर, 2024** निर्धारित है ।

ह0/-
सदस्य सचिव
बि0रा0वि0से0प्रा0,पटना

**बायोडाटा का प्रारूप**

पारा विधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है ।)

| |
|---|
| स्वअभिप्रमाणित फोटो |

1.आवेदक का नाम :-

2.आवेदक के पिता/पति का नाम :-

3.स्थायी पता :-

4.वर्तमान पता :-

5.शैक्षणिक योग्यता :-

6.अन्य योग्यता :-

7.जन्म तिथि :-

8.आवेदक की श्रेणी- (सामान्य/ पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग/ अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति)

9.अनुभव (यदि कोई हो तो ):-

10.मोबाईल नं0 :-

11.ई-मेल आई0 डी0 :-

मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि, मैं किसी भी सरकारी विभाग में स्थाई/ संविदा पर कार्यरत नही हूँ । मेरे द्वारा दी गई सूचना मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है ।

तिथि :-

स्थान :-

आवेदक का हस्ताक्षर